हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026


तापमान

अधिकतम 42.1 डिग्री से.
न्यूनतम 22.2 डिग्री से.


11 निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी छबील



12 भाजपा में परिवारवाद का कोई स्थान नहीं : गुप्ता




# घेवर मित्र मंडलियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा, 13 सैंपल जांच के लिए भेजे

■ दो दुकानों से 28 किलो संदिग्ध घेवर नष्ट ■ देसी घी और मावा के नमूने भी लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सावन और तीज पर्व से पहले घेवर की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में घेवर बेचने वाली विभिन्न मित्र मंडलियों की दुकानों पर जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान देसी घी, मावा और घेवर के कुल 13 नमूने एकत्रित कर जांच के लिए लैब भेजे गए। वहीं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में खामियां मिलने पर दो स्थानों से करीब 28 किलो घेवर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र यादव ने बताया कि जिले में कई स्थानों पर अस्थायी शेड लगाकर घेवर की बिक्री की जा रही है। अधिकांश विक्रेता शुद्ध देसी घी से बने घेवर बेचने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने जांच अभियान शुरू किया है।



सोनीपत। दुकान से घेवर का सैंपल लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

## कोर्ट रोड, बड़वासनी सहित कई स्थानों पर विभाग की रेड

टीम ने कोर्ट रोड स्थित फौजी घेवर की दुकान से अभियान की शुरुआत करते हुए तीन नमूने लिए। इसके बाद बड़वासनी स्थित युवा मित्र मंडली (मोनू) की दुकान से देसी घी और सिंपल घेवर के नमूने एकत्रित किए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री के रखरखाव और सफाई व्यवस्था में कमियां मिलने पर संदिग्ध घेवर को नष्ट कर मिट्टी में दबवाया गया। इसके बाद टीम ने बड़वासनी फ्लाईओवर के पास पिनाना की विभिन्न घेवर मित्र मंडलियों की दुकानों का निरीक्षण किया। पहलवान घेवर मित्र मंडली और बाबू-बेटा घेवर मित्र मंडली से भी देसी घी व घेवर के नमूने लिए गए। मंजीत पहलवान की दुकान पर निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संबंधी खामियां मिलने पर खराब घेवर को नष्ट कराया गया। अधिकारियों के अनुसार तीन अलग-अलग घेवर मित्र मंडलियों के संचालकों ने खाद्य लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। कुछ अन्य विक्रेताओं ने भी लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही कारोबार शुरू करने का आश्वासन दिया है।

## सफाई व्यवस्था में कमियां मिलने पर घेवर को नष्ट कर मिट्टी में दबवाया



### 14 दिन में आएगी सैंपल की रिपोर्ट

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जांच के लिए भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट करीब 14 दिन में प्राप्त होगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. बीरेंद्र यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### बस अड्डे के पास पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़

**गन्नौर।** गांव राजपुर बस अड्डे के पास वीरवार शाम एक व्यक्ति का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की आयु करीब 42 वर्ष है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल, सोनीपत भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

### स्कूल के पास अर्धनग्न अवस्था में मिला शव

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के समीप वीरवार सुबह एक व्यक्ति का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की आयु करीब 40 वर्ष है। उसके हाथ पर दिल के निशान के भीतर 'दिनेश' नाम लिखा हुआ मिला है, जिसके आधार पर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के चेहरे पर पुरानी चोटों के निशान भी पाए गए हैं। घटनास्थल से शराब की एक बोतल भी बरामद हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। उसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी मामले में दूसरा नाबालिग अभिरक्षा में

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में घर से नकदी और आभूषण चोरी करने के मामले में क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम ने दूसरे अपचारी बालक को भी अभिरक्षा में ले लिया है। बालक को बाल न्यायालय में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आदर्श नगर निवासी नवीन परिवार सहित हरिद्वार गए हुए थे। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण तथा करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी गायब थी। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले रवि उर्फ बड़का निवासी समस्तीपुर (बिहार), हाल निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत को गिरफ्तार किया था। इसके साथ एक अपचारी बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया था। अब मामले में संलिप्त दूसरे अपचारी बालक को भी पकड़ लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है

# गुरुग्राम की तर्ज पर अब वैक्यूम रोड स्वीपर मशीन से चकाचक होंगी सड़कें

» गीता भवन रोड पर मेयर व अफसरों की मौजूदगी में लिया गया मशीन का डेमो

» 55 लाख की मशीन खरीदने के बजाय एजेंसी से किराये पर लेने की तैयारी

योजना लागू होने पर सड़कों से धूल और कूड़े का होगा त्वरित उठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम ने गुरुग्राम की तर्ज पर वैक्यूम रोड स्वीपर मशीन से सड़कों की सफाई कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में वीरवार को गीता भवन रोड पर मशीन का डेमो लिया गया। डेमो के दौरान निगम के मेयर राजीव जैन, आयुक्त हर्षित कुमार, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, कार्यकारी अभियंता अजय निराला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सामान्य सफाई के दौरान सड़कों के किनारों पर कूड़ा और धूल जमा रह जाती है, जो हवा चलने पर दोबारा सड़क पर फैल जाती है। इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिए निगम प्रशासन ने वैक्यूम रोड स्वीपर मशीन के माध्यम से सड़कों की सफाई कराने की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार मशीन में लगे सक्शन सिस्टम और कंप्रेसर की मदद से सड़क किनारे जमा धूल और कूड़ा सीधे मशीन के अंदर एकत्र हो जाएगा। इससे सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी और कर्मचारियों पर निर्भरता भी कम होगी।अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में प्रदेश में गुरुग्राम में ही इस तरह की मशीन से सड़क सफाई की जा रही है। यदि यह योजना लागू होती है तो सोनीपत ऐसा करने वाला हरियाणा का दूसरा जिला बन जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि वैक्यूम रोड स्वीपर मशीन की अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपये है। फिलहाल मशीन खरीदने के बजाय किसी एजेंसी से किराये पर लेने का निर्णय लिया गया है, ताकि निगम पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। योजना को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एजेंसी के साथ समझौता कर नियमित सफाई कार्य शुरू किया जाएगा।



सोनीपत। गीता भवन रोड पर वैक्यूम रोड स्वीपर मशीन का डेमो लेते अधिकारी।

### शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे : मेयर

मेयर राजीव जैन ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना सभी की जिम्मेदारी है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सकेगा। नगर निगम का मानना है कि मशीन आधारित सफाई व्यवस्था लागू होने से शहर की प्रमुख सड़कों पर धूल और कूड़े की समस्या काफी हद तक कम होगी। साथ ही स्वच्छता अभियान को भी नई गति मिलेगी।



## गोहाना-सोनीपत हाइवे पर 5 वाहन आपस में टकराए

■ बड़ौता में छबील के पास हुआ हादसा, पांचों वाहन क्षतिग्रस्त

**गोहाना।** गोहाना- सोनीपत हाइवे पर गांव बड़ौता में गुरुवार को पांच वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। छबील के पास हुए इस हादसे में समय रहते लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। निर्जला एकादशी के अवसर पर गांव बड़ौता में ग्रामीणों द्वारा हाईवे किनारे छबील लगाई गई थी। राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा था। इसी दौरान छबील के पास सड़क किनारे दो इको वैन खड़ी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोनीपत की ओर से आ रहे वाहनों में पीछे चल रही एक क्रूजर गाड़ी ने आगे चल रही थार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से थार अनियंत्रित होकर आगे चल रही टाटा शेरा से जा भिड़ी। इसके बाद तीनों वाहन सड़क किनारे खड़ी दोनों इको वैनों से टकरा गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। छबील पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने समय रहते खुद को सुरक्षित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि वाहन कुछ और आगे बढ़ जाते तो छबील पर मौजूद लोगों को गंभीर चोटें लग सकती थीं। दुर्घटना के कारण पांचों वाहनों को नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

## छुट्टियों में भी खुलेंगे निगम कार्यालय और सीएससी

**सोनीपत।** नगर निगम ने प्रॉपर्टी करदाताओं को टैक्स छूट योजना का अधिकतम लाभ दिलाने और नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) से जुड़े मामलों के समाधान के लिए 27, 28 और 29 जून को सरकारी अवकाश के बावजूद निगम कार्यालय और नागरिक सुविधा केंद्र (सीएससी) खुले रखने का निर्णय लिया है। प्रॉपर्टी टैक्स पर चल रही छूट योजना की अंतिम तिथि 30 जून है। मेयर राजीव जैन ने बताया कि इन तीन दिनों में प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के साथ-साथ एनडीसी से संबंधित कार्य भी नियमित रूप से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की सौ प्रतिशत ब्याज माफी योजना समाप्त होने में अब बहुत कम समय बचा है, इसलिए नागरिकों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया गया है। मेयर के निर्देश पर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### 30 तक मिलेगा प्रॉपर्टी टैक्स छूट का लाभ

**बकायेदारों को चेतावनी:** मेयर ने शहरवासियों से अपील की कि वे इन तीन दिनों का लाभ उठाकर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि 30 जून के बाद बकाया राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी। साथ ही सरकार के निर्देशों के अनुसार एक लाख रुपये से अधिक बकाया वाली संपत्तियों को सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

40 करोड़ रुपये का लक्ष्य : राजीव जैन ने बताया कि नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स से सालाना 40 करोड़ रुपये एकत्रित करने का लक्ष्य रखा है। अप्रैल 2026 से मई 2026 तक लगभग 5 करोड़ रुपये जमा हुए हैं, जबकि छूट योजना लागू होने के बाद करीब 2.25 करोड़ रुपये और जमा किए गए हैं। निगम को उम्मीद है कि टैक्स संग्रह में और तेजी आएगी।

## एसी और कॉपर क्वाइल चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मॉडल टाउन स्थित एक दुकान से एसी, कॉपर कॉइल और बिजली की तार चोरी करने के मामले में पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पीयूष उर्फ रोहन निवासी तारा नगर, सोनीपत के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार बड़वासनी निवासी सुनील ने 17 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने मॉडल टाउन में एसी रिपेयरिंग का कार्य करने के लिए एक मकान किराये पर लिया हुआ है। पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वह कई दिनों तक दुकान पर नहीं जा सका। जब वह दुकान पहुंचा तो वहां से डेढ़ टन का एसी, कॉपर कॉइल और बिजली फिटिंग की तार चोरी मिली। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सिविल लाइन थाना में तैनात उप निरीक्षक विजय की टीम ने पहले रोहित उर्फ रोमियो, नवीन उर्फ लच्छा, विकास उर्फ बन्देपुरिया और सुभाष को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अब मामले में संलिप्त पांचवें आरोपित पीयूष उर्फ रोहन को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से उसे जमानत मिल गई।

# बहालगढ़ फ्लाईओवर पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिरने से दो दोस्तों की मौत

■ मुरथल से परांठे खाकर दिल्ली लौट रहे थे ■ परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मुरथल में पराठे खाने के बाद बाइक से दिल्ली लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बहालगढ़ फ्लाईओवर पर पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक फ्लाईओवर से करीब 30 फीट नीचे जा गिरे। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया





### पीछे से टक्कर मारी

दिल्ली के किराड़ी सुलेमान नगर स्थित निठारी निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई सूरज कुमार (23) और उसका दोस्त सूरज (22) बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार होकर मुरथल आए थे। देर रात खाना खाने के बाद दोनों दिल्ली लौट रहे थे।

तड़के करीब तीन बजे जब वे बहालगढ़ फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक फ्लाईओवर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक कूरियर कंपनी में दूसरा चप्पल फैक्ट्री में नौकरी करता था

हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया। मृतक सूरज कुमार दो भाइयों में बड़ा था और एक कूरियर कंपनी में काम कर परिवार का सहारा बना हुआ था। वहीं उसका दोस्त सूरज भी परिवार का बड़ा बेटा था और दिल्ली के मुंडका स्थित एक चप्पल फैक्टरी में कार्यरत था। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं और मामले की जांच जारी है।

## मुरथल चौक के पास स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे-44 पर मुरथल चौक के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव हलालपुर निवासी बिट्टू ने मुरथल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पूनम (42) विधवा थी और अपनी 15 वर्षीय बेटी शिवानी के पालन-पोषण के लिए मुरथल स्थित झिलमिल ढाबे पर काम करती थी। बुधवार देर शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह पैदल सड़क पार कर घर लौट रही थी। इसी दौरान पानीपत की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने महारानी ढाबे के सामने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूनम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे नागरिक अस्पताल, सोनीपत पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मौत हुई। मुरथल थाना पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर आरोपित चालक की तलाश कर रही है।





South Point
GROUP OF EDUCATION
(DELHI-NCR) SONEPAT
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
ADMISSIONS OPEN
Sunday Open
SOUTH POINT INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
B.Tech / LEET (CSE, ECE, MECHANICAL, CIVIL)
M.Tech (CSE, ECE) • BBA, BCA, MBA, MCA
SOUTH POINT SCHOOL OF POLYTECHNIC
Diploma / LEET (CSE, ECE, ELECTRICAL, MECHANICAL, CIVIL, MLT)
SOUTH POINT COLLEGE OF LAW B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM
SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
B.A., B.Sc. - Medical/Non-Medical (NEP), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
M.Sc. (Phy., Chem., Maths) • M.A. (English, Hindi, History, Pol. Science)
SOUTH POINT P.G. COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
SOUTH POINT COLLEGE OF PHARMACY
D.Pharm, B. Pharm / LEET
SOUTH POINT COLLEGE OF NURSING
B.Sc. (Nursing)
CBSE AFFILIATED SR. SEC. SCHOOLS



DILBAG S. KHATRI
Chairman
www.southpoint.net.in

# अज्ञान के अंधेरे में भटकने वाले शिक्षा से दूर 1407 बच्चों के जीवन में ज्ञान का उजियारा करने की तैयारी

मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में कार्यशाला का किया गया आयोजन, टीम ने आवेदनकर्ता एजुकेशन वालंटियर्स के जांचे दस्तावेज

जनवरी व फरवरी माह में शिक्षा से दूर जा चुके जिलेभर के 1407 बच्चों की हुई थी खोज, अब प्रशिक्षण का शुरू होगा दौर

अब तक शिक्षा विभाग जिले में 8000 बच्चों को प्रशिक्षण दिलवाकर विद्यालयों में करवा चुका दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेभर के पढ़ाई से वंचित या किसी कारणवश स्कूलों में दाखिला न लेने वाले बच्चों को शिक्षित करने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आने वाले कल में वह अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर कामयाबी हासिल कर सकें। इसी उद्देश्य के साथ हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में वीरवार को जिला समग्र शिक्षा विभाग ने नए शैक्षिक स्वयंसेवकों (एजुकेशन वालंटियर्स) के दस्तावेजों की जांच के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में जिलेभर के आवेदन करने वाले करीब 86 एजुकेशन वालंटियर्स के दस्तावेजों की जांच की गई। यह एजुकेशन वालंटियर्स जल्द जिले में संचालित 47 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों पर बच्चों को ज्ञान देते नजर आएंगे।

एजुकेशन वालंटियर्स का चयन व दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष तौर पर पांच अधिकारियों की टीम गठित की गई। टीम में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह, जिला कोर्डिनेटर सीमा, अकाउंट ऑफिसर सुनील दहिया शामिल रहे। जिला शिक्षा विभाग ने एजुकेशन वालंटियर्स के दस्तावेजों की जांच के बाद योग्यता के आधार पर आवेदनकर्ताओं का चयन करने का निर्णय लिया है। इसके बाद निदेशालय स्तर पर एजुकेशन वालंटियर्स को 1407 बच्चों को शिक्षित करने के लिए केंद्रों पर नियुक्त किया जाएगा। बता दें कि इन बच्चों का का चयन जनवरी व फरवरी माह में किया गया था। अगर निदेशालय केंद्रों पर प्रशिक्षण की 9 माह अवधि की अप्रूवल देता है, तो इन्हें जुलाई माह से ही शुरू करवाया जाएगा। अन्यथा 6 माह की अप्रूवल मिलने पर सितंबर माह से केंद्रों पर प्रशिक्षण की शुरुआत होगी।


सोनीपत। मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में आयोजित कार्यशाला में एजुकेशन वालंटियर्स के दस्तावेजों की जांच करती शिक्षा अधिकारियों की टीम। फोटो : हरिभूमि

### ब्लॉक अनुसार खोला नए बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य

| ब्लॉक | लड़के | लड़कियां | कुल बच्चे |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 121 | 102 | 223 |
| गोहाना | 46 | 25 | 71 |
| खरखौदा | 27 | 32 | 59 |
| राई | 352 | 336 | 689 |
| सोनीपत | 168 | 198 | 365 |
| कुल | 714 | 693 | 1407 |

### गत वर्ष 1330 बच्चों की पार लगाई नैय्या

जिला शिक्षा विभाग की ओर से गत वर्ष शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में 35 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों के सहारे 1330 शिक्षा से वंचित बच्चों को प्रशिक्षण देकर उनकी नैय्या को पार लगाया है। केंद्रों की मदद से उक्त बच्चों को 6 माह की अवधि के लिए 31 मार्च तक प्रशिक्षण दिया गया। अब निदेशालय ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए जिले में 47 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करने की अनुमति दी है, ताकि वह शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सकें। इसका उद्देश्य हर बच्चे को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षित कर मुख्यधारा में शामिल करना है।

### बच्चों को मुख्यधारा में लाने को महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

कार्यशाला में शिक्षा अधिकारियों ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की। अधिकारियों के अनुसार केंद्रों पर चयनित बच्चों को प्रशिक्षण देने के अलावा जिले में ऐसे अन्य बच्चों को खोजने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा। आगामी कदम उठाने के लिए निदेशालय के निर्देश की अनुपालना की जाएगी। जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह ने शैक्षिक स्वयंसेवकों को स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। गौरतलब है कि अब तक शिक्षा विभाग जिले में 8000 बच्चों को एजुकेशन वालंटियर्स के सहारे प्रशिक्षण दिलवाकर उनका विद्यालयों में दाखिला करवा चुका है। इनमें 7 से 14 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं।

### सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाया जाएगा

शिक्षा विभाग ने जिले में समग्र शिक्षा के तहत 47 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों की मदद से विभिन्न खंडों में शिक्षा से वंचित 1407 बच्चों को खोज के बाद उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए आवेदन करने वाले एजुकेशन वालंटियर्स के दस्तावेजों की जांच को पूरा कर लिया गया है। निदेशालय के निर्देश पर जल्द ही योग्यता के आधार पर एजुकेशन वालंटियर्स का चयन कर केंद्रों का संचालन शुरू करवाया जाएगा। हालांकि केंद्रों की अवधि निदेशालय की ओर से निर्धारित की जाएगी। इसके बाद सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाया जाएगा। *कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, शिक्षा विभाग*

## खबर संक्षेप



### शिकायतों के समाधान में जवाबदेही जरूरी : एसडीएम

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित लघु सचिवालय में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के समाधान पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को हर समस्या पर गंभीरता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कहा कि समाधान शिविर की वास्तविक सफलता तभी मानी जाती है जब आम नागरिक को समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

### शिकायतों का प्राथमिकता के साथ करें निपटारा

**गन्नौर।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में दतौली निवासी धन्ना ने बुढ़ापा पेंशन चालू कराने, सनपेड़ा निवासी कृष्ण ने फसल खराब करने व जान से मारने की धमकी तथा गांधीनगर निवासी मीना देवी ने पीपीपी में जुड़े अतिरिक्त बिजली मीटर हटाने की शिकायत दी।

### 95% मतगणना प्रपत्रों का वितरण पूरा: प्रवेश

**गन्नौर।** गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 95 प्रतिशत से अधिक मतगणना प्रपत्रों का वितरण पूरा कर लिया गया है। यह जानकारी ईआरओ एवं एसडीएम प्रवेश कादियान ने वीरवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतगणना प्रपत्र वितरित करने के साथ-साथ उन्हें एकत्रित कर डिजिटल अपलोड भी कर रहे हैं। 25 जून तक 4.55 प्रतिशत प्रपत्र डिजिटल रूप से अपलोड किए जा चुके हैं।

### निश्चित समयावधि में समाधान के निर्देश दिए

**सोनीपत।** लघु सचिवालय के प्रथम तल के सम्मेलन कक्ष में गुरूवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सभी शिकायतें उपायुक्त नेहा सिंह ने गंभीरता के साथ सुनी व संबंधित अधिकारियों को निश्चित समयावधि में समाधान के निर्देश दिए। शिविर में अवैध रूप से खनन, गांवो में अवैध कब्जे व पेंशन व विभिन्न तरह की शिकायतें प्राप्त हुई।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : चंद्र

**सोनीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत मतदाता सत्यापन कार्य की समीक्षा के लिए गुरुवार को लघु सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम सुभाष चंद्र ने की। इसमें सभी सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहे।

सुभाष चंद्र ने मतदाता सूची के घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी बीएलओ निर्धारित समय सीमा में प्रत्येक मतदाता का सत्यापन सुनिश्चित करें।

### समस्याओं से जूझ रहा गांव खुर्मपुर: कर्ण सिंह

**खरखौदा।** सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर कर्ण सिंह आर्य ने अपने पैतृक गांव खुर्मपुर की समस्याओं के समाधान के लिए उपमंडल अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। उपायुक्त ने नाम संबोधित ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि गांव के मुख्य मार्ग की हालत बेहद खराब है। बारिश के दिनों में जलभराव होने से आवागमन बाधित हो जाता है। गांव में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते गांव भर का गंदा पानी तालाब में जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### वैज्ञानिक और किसानों के बीच संवाद ही नवाचारों को खेतों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम : सतेंद्र



**खरखौदा।** सिसाना गांव में किसानों व वैज्ञानिकों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के एम जी एम जी वैज्ञानिक दल ने किसानों के साथ सीधा संवाद किया। टीम का नेतृत्व डॉ. नयन अहमद ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपी गोयल, अध्यक्ष आरएसवीसी, सितेन्द्र दहिया डारेयक्टर आरएसवीसी मंडौरा ने की। कहा कि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच प्रत्यक्ष संवाद ही कृषि नवाचारों को खेतों तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर खेती से जुड़ी चुनौतियों एवं समाधानों पर खुलकर चर्चा की।

### पौधों की देखरेख में लापरवाही का मामला सामने आया



**गन्नौर।** शहर के सौदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा मुख्य मार्गों पर लगाए गए पौधों की देखरेख को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर पालिका द्वारा दो दिन पहले लगाए गए पौधों में कर्मचारियों द्वारा कीचड़ युक्त पानी डाले जाने पर विरोध जताया। मामले की जानकारी अधिकारियों तक पहुंचने के बाद कर्मचारियों को साफ पानी की व्यवस्था करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा शहर के रेलवे रोड पर पौधारोपण शहर की सुंदरता बढ़ाने के नए पौधे लगाए गए थे। आरोप है कि पौधों की देखभाल के नाम पर कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते पौधों में कीचड़ मिला पानी डालना शुरू कर दिया। मुख्य मार्ग पर यह नजारा देखकर लोगों ने इसका विरोध किया।

### निःशुल्क परामर्श और औषधियां वितरित की



**सोनीपत।** जिले के प्रत्येक आयुष आरोग्य मंदिर (आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी/पीएचसी/सीएचसी गढ़) में प्रत्येक वीरवार को वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सम्मानजनक जीवन के उद्देश्य से यह विशेष पहल शुरू की गई है। जिले के सभी आयुष आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक वीरवार को वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श, आवश्यक औषधियां उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। डॉ. राम अवतार सिंह ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार वृद्धावस्था में वात दोष की वृद्धि तथा अग्नि (पाचन शक्ति) में कमी हो जाती है।

### शिविर में विद्यार्थियों की कला प्रतिभा को तराशा



**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में गुरुवार को विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं कौशलवर्धक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को तराशा। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। आर्ट एंड क्राफ्ट सत्र में विद्यार्थियों ने शिक्षिका निर्मला व शर्मिला के साथ अपनी आकर्षक एवं सुंदर आकृतियों का निर्माण करते हुए अपनी कला प्रतिभा को तराशा। पाक कला गतिविधि में पूजा सैनी, प्रेमलता, अंजलि, कुसुम शर्मा, विनिका और उषा विरमानी के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने का अभ्यास किया। आचार्य पवन शास्त्री ने विद्यार्थियों को पुराने कपड़ों की कटिंग करके उनसे उपयोगी रस्सी बनाने की विधि सिखाई। इस गतिविधि ने बच्चों में पुनर्चक्रण और स्वावलंबन की भावना को विकसित किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को किया नमन



**गोहाना।** गढ़ी सराय नामदार खान की अंबेडकर चौपाल में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की 95वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने वीपी सिंह को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा भारत के 7वें प्रधानमंत्री बीपी सिंह पिछड़ों, शोषितों और वंचितों के मसीहा थे। उन्होंने देश के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार दिलाने और सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपना प्रधानमंत्री पद तक दांव पर लगा दिया था। वीपी सिंह ने 7 अगस्त 1990 को मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करके ऐतिहासिक फैसला लिया था। वीपी सिंह ने भूदान आंदोलन से प्रभावित होकर भूमिहीनों और गरीबों की भलाई के लिए अपनी पुश्तैनी मांडा रियासत की 30000 बीघा जमीन दान कर दी थी। विजय वाल्मीकि, रामधन सैनी, विजय बंजारा,राज सिंह सरोहा, इंदर सिंह सौदा आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का 65 लोगों ने उठाया लाभ

**खरखौदा।** जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति और मंडोरा डिस्पेंसरी द्वारा गांव थाना खुर्द में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें में 65 व्यक्तियों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया और फ्री दवा प्रदान की। जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र दहिया ने बताया कि उनकी समिति समय-समय पर स्वास्थ्य कैंप लगवाती रही है। डॉ. नीलम गुरु, योग टीचर प्रदीप, कपिल देव, कुलदीप, जितेंद्र का सहयोग रहा।

### योग वरिष्ठजनों का सच्चा मित्र : लक्ष्मीनारायण

**सोनीपत।** मिशन फिट सोनीपत अभियान के अंतर्गत लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों में वरिष्ठजनों के लिए विशेष योग शिविर और नियमित कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मॉडल टाउन स्थित लेडीज पार्क में आयोजित विशेष योग कक्षा में पतंजलि योगपीठ के आजीवन सदस्य, सूर्यनमस्कार के डबल वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर तथा समिति के प्रधान इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने कहा कि योग वरिष्ठजनों का सच्चा मित्र है। उन्होंने बताया कि योग बिना अधिक शारीरिक परिश्रम के जोड़ों के दर्द, शरीर की जकड़न, कम होती गतिशीलता और असंतुलन जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है तथा मानसिक शांति और ऊर्जा प्रदान कर स्वस्थ व आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करता है। लक्ष्मीनारायण ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर का संतुलन बेहतर होता है और गिरने से चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

## गन्नौर: निर्जला एकादशी पर जगह जगह लगाई मीठे पानी की छब्बील



**गन्नौर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर मीठे पानी की छब्बील लगाकर राहगीरों को शीतल जल पिलाया गया। नगरपालिका रोड, रेलवे रोड, देवीलाल चौक और बादशाही रोड सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से लोगों को पानी वितरित किया। सेवा कार्य में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रेलवे रोड पर आयोजित छब्बील में भाजयुमो के जिला सचिव अंकित मल्हौत्रा ने भी सहयोग करते हुए लोगों को मीठा पानी वितरित किया। अंकित मल्हौत्रा ने कहा कि निर्जला एकादशी पर प्यासे लोगों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

## जीवीएम में पोस्टर मेकिंग गतिविधि के माध्यम से नशा मुक्ति का दिया संदेश

- नशा मुक्त भारत अभियान- विकसित भारत की पहचान विषय पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए जीवीएम गर्ल्स कालेज में पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। जीवीएम के यूथ अगेंस्ट ड्रग सेल तथा तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें 27 छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संयोजक प्राध्यापिका डा. निहारिका ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग में छात्राओं ने बेहतरीन पोस्टर बनाते हुए नशा मुक्ति के संदेश को प्रभावी रूप दिया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नशे एवं तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि नशा पखवाड़ा के तहत यह आयोजन किया गया।


सोनीपत। पोस्टर के साथ प्रतिभागी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## टेंडर में खुली जगह पर भी बिना सफाई किए जिम्मेदार अधिकारी का सफाई का दावा

- लोगों ने एसडीएम से की नाले की सफाई की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के नालों की सफाई का 16 लाख की लागत से लगाए गए टेंडर में हैरानी की बात देखने को सामने आई। टेंडर लगाने वाले जेई ने जिस स्थान पर नालो की सफाई का कार्य पूरा होने का दावा किया है। उसी स्थान पर ही नाले के ऊपर सफाई के लिए स्लैब को भी नहीं उठाया गया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि लाखों लोगों ने एसडीएम से नाले की सफाई की जांच की मांग की। लाखो की लागत से सफाई का कार्य कितनी गंभीरता से पूरा करवाया जाएगा। जब जिम्मेदार अधिकारी ही बिना सफाई हुई सफाई होने का दावा पेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसात के मौसम के दृष्टिगत शहर में 16 लाख रुपए की लागत से नालों की सफाई का टेंडर लगाया गया है।


गन्नौर। स्लैब तक नहीं उठाई गई।

### नालों की होगी सफाई

विभागीय अधिकारी के अनुसार विभाग द्वारा 4200 मीटर की सफाई का टेंडर लगाया गया है। टेंडर के अनुसार शहर के देवीलाल चौक से लेकर शमशान घाट तक व गढ़ी केसरी गांव से लेकर शमशान घाट तक और शमशान घाट से लेकर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल और राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल से लेकर ईदगाह रोड जन स्वास्थ्य विभाग के डिस्पोजल तक के बने सभी नालों की स्लैब उठाकर सफाई की जाएगी। शहर में रेलवे स्टेशन से लेकर नगर पालिका रोड से होते हुए मॉडल संस्कृति स्कूल तक के नाले की सफाई होगी। इसके अलावा टेंडर में 80 कर्मचारियों की लेबर भी स्वीकृत है।

## प्रताप स्कूल का कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खरखौदा।** 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा 15 जून से 24 जून तक सीएटीसी-130 कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का संचालन कर्नल विशाल दुबे के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सूबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह की देखरेख में कैडेटों को ड्रिल, फायरिंग, बाधा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मिलिट्री हिस्ट्री, योग, स्वास्थ्य देखभाल तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। इस कैंप में प्रताप स्कूल के 75 जूनियर एवं सीनियर कैडेटों ने भाग लिया। कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रताप स्कूल के कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर डिवीजन बॉयज टीम ने रस्साकशी प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। जबकि जूनियर डिवीजन गर्ल्स टीम ने भी रस्साकशी प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। गार्ड ऑफ ऑनर प्रतियोगिता में कैडेटों ने 9 स्वर्ण पदक अर्जित किए। रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल ने 2 ट्रॉफियाँ अपने नाम कीं। कैंप सीनियर निशू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## पल्स पोलियो अभियान 28 से शुरू होगा 2.02 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा



**सोनीपत।** जिले में पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए 28 जून से विशेष पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 2 हजार 28 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय चोपड़ा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है और इसे पूरी गंभीरता के साथ सफल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजरों को आंगनवाड़ी वर्करों के साथ हेल्परों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच बनाई जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों में स्थापित होने वाले पोलियो बूथों पर सहयोग देने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य आवश्यक स्थानों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### कथूरा-छिछड़ाना मार्ग का निर्माण एक वर्ष से अधर में लटका पड़ा

## निर्माणाधीन सड़क के उखड़े रोड़े लोगों के लिए बने भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

क्षेत्र के गांव कथूरा से गांव छिछड़ाना तक बनी सड़क का निर्माणकार्य पिछले करीब एक साल से अधर में लटका हुआ है। सड़क पर उखड़े पड़े रोड़े लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। सडक़ से लोगों का गुजरना दुश्वार हो चुका है। दोनों गांवों के लोगों को बेशब्री से इंतजार है कि कब प्रशासन की नींद टूटेगी और सडक़ का निर्माणकार्य पूर्ण होगा। गांव छिछड़ाना के ग्रामीण कृष्ण मलिक, संदीप और जय भगवान के अनुसार गांव कथूरा और छिछड़ाना के बीच इस सडक़ की लंबाई करीब 5 किलोमीटर है। पिछले लंबे समय से यह सडक़ जर्जर अवस्था में थी। सडक़ पर जगह-जगह बने हुए गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बने हुए थे। दीपक, रामकरण और विनोद ने बताया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा इस सड़क का दोबारा से निर्माणकार्य शुरू करवाया गया था। करीब एक साल पहले सड़क पर रोड़े डाले गए थे। उसके बाद प्रशासन सड़क का निर्माण करवाना भूल गया। सड़ का निर्माणकार्य पूरा करवाने के लिए गुरुवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल गोहाना स्थित उपमंडलीय परिसर में एसडीएम कार्यालय में पहुंचा। ग्रामीणों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन में सडक़ का निर्माणकार्य जल्द पूरा करनवाने की गुहार लगाई।


गोहाना। ज्ञापन देने पहुंचे छिछड़ाना के ग्रामीण और सड़क पर उखड़े पड़े रोड़े।

**ग्राम पंचायत गुहणा**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुहणा द्वारा सामान्य चौपाल (कंडम) के मौके पर उपलब्ध सामान (कंडम) की बोली 06.07.2026 को ग्राम सचिवालय में शाम 4:00 बजे करवाई जाएगी। बोली की सिक्युरिटी राशि 10,000 रु. जमा करवानी होगी। बोली की शर्ते मौके पर सुनाई जाएंगी। बोली में कोई भी बोलीदाता भाग ले सकता है।
हस्ता/- मन्जू राकेश, सरपंच
ग्राम पंचायत गुहणा, खण्ड सोनीपत
(M) 9729777711, 9996140000

# भाजपा में परिवारवाद का कोई स्थान नहीं, प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का गुरुवार को सोनीपत पहुंचने पर कार्यकर्ताओं, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया। शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। अग्रसेन चौक से भाजपा के झंडों और नारों के साथ ट्रैक्टरों पर सवार होकर रोड शो किया। स्वागत से अभिभूत डॉ. अर्चना गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोनीपत में मिला सम्मान और स्नेह उनके लिए ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और कार्यकर्ताओं का सहयोग उन्हें जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने की ऊर्जा देता है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो निकालकर किया स्वागत



सोनीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए पूर्व प्रदेशाध्यक्ष साथ में विधायकगण, मेयर एवं अन्य।

### डॉ. मुखर्जी के जन्मदिवस पर होंगे बूथ स्तरीय कार्यक्रम

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने स्वागत एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस तथा 6 जुलाई को उनके जन्मदिवस के अवसर पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एक पेड़ लगाने की अपील

*पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के हित में लगातार योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मोदी और नायब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद के बल पर ही पार्टी लगातार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान, विधायक देवेंद्र कादयान, मेयर राजीव जैन, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, जवाहर सैनी, सतीश नांदल, मोनिका दहिया, ललित बत्रा, ओम प्रकाश अत्रे, आजाद नेहरा, तरुण देवीदास सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

## विधायक निखिल मदान ने कार्यकर्ताओं के साथ किया प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन



**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के सोनीपत शहर पहुंचने पर विधायक निखिल मदान ने जानकीदास स्कूल के समीप स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ने उन पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा महिला कार्यकर्ताओं को संगठन में आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

## राई हलके में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



राई। राई हल्के में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। मुरथल फ्लाईओवर के नीचे और राई रेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया। राई विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और जनता के बीच निरंतर सक्रियता के कारण ही संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन, भाजपा नेता में माई राम कौशिक पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष कुलदीप नांगल, जसपाल अंतिल, जेपी रेवली, सत्यनारायण आंतिल, ब्लाक समिति चेयरमैन संजय, चेयरमैन नगरपालिका कुंडली, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रदीप सबोली आदि सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बादशाही रोड पर पावर हाउस का अपग्रेडेशन पूरा

**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित 33 केवी पावर हाउस में चल रहा अपग्रेडेशन कार्य पूरा हो गया है। नए 12.5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की लोड टेस्टिंग भी सफल रही, जिसके बाद वीरवार शाम करीब 5 बजे से शहर में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर स्थापना और तकनीकी कार्यों के चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात के समय लंबे बिजली कट लग रहे थे, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**गन्नौर।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्ज यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर वीरवार को सिटी सब डिविजन कार्यालय परिसर में कर्मचारियों की गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट आडिटर ओमदास जेई ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट कैशियर सुनील दत्त ने किया। बैठक में कर्मचारियों ने प्रदेश स्तर पर उठाई जा रही विभिन्न जायज मांगों पर चर्चा करते हुए राज्य कार्यकारिणी का समर्थन किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान किया जाना चाहिए।

## नागरिका अस्पताल में नवजात की मौत पर हंगामा, व्यवस्था पर उठे सवाल

# परिजनों ने लगाया आरोप-बाथरूम में हुई डिलीवरी, डॉक्टर बोले-टेबल पर हुआ बच्चा

### सर्जन ने कहा- मां-बच्चे की हालत थी गंभीर, हमने हरसंभव प्रयास किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर खामियां व लापरवाही के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अस्पताल के लेबर वार्ड में लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन की अनदेखी व देरी के कारण एक मासूम की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों में भारी रोष है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि महिला नेहा का विवाह दिल्ली के तारा नगर में किया गया है। इन दिनों वह प्रसव के लिए अपने मायके सोनीपत के मालवीय नगर आई हुई थी। परिवार का आरोप है कि नागरिक अस्पताल के लेबर वार्ड की गंभीर लापरवाही के चलते उनके पहले बच्चे की मौत हुई है। परिजनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। महिला के परिजनों ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले 21 वर्षीय नेहा को प्रसव के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया था। यह नेहा का पहला बच्चा था, जिसे लेकर परिवार खुशी का माहौल था। नेहा की मां का आरोप है कि करीब तीन दिन पहले अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें बताया था कि गर्भ में पल रहे बच्चे की धड़कनें काफी कम हैं, लेकिन साथ ही कहा गया कि बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। आरोप है कि इसके बाद भी समय रहते कोई ठोस चिकित्सकीय कदम नहीं उठाया गया। उनकी बेटी को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में भेजा जाता रहा, प्रसव को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन महिला व मौजूद परिजन।

### देखभाल से टल सकती थी दुखद अनहोनी

परिवार का दावा है कि मां और बच्चे दोनों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने एक जानकार व्यक्ति के माध्यम से अस्पताल में सिफारिश कर जल्द डिलीवरी करवाने का अनुरोध भी किया था। परिजनों के अनुसार जब वीरवार को नेहा डिलीवरी से पहले शौचालय गई थी, तो जहां अचानक बाथरूम में ही उसकी डिलीवरी हो गई। आरोप है कि उस समय वहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। यदि समय पर उचित देखभाल, चिकित्सकीय सहायता मुहैया करवाई जाती, तो शायद आज इस दुखद अनहोनी को टाला जा सकता था।

### 3 दिन पहले नवजात की धड़कन बंद होने का दावा

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि तीन दिन पहले ही जब अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में नवजात की धड़कन बंद होने की जानकारी मिल गई थी, तो तत्काल आवश्यक चिकित्सा प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई। ऐसा नेहा के परिवार की ओर से दावा किया जा रहा है। यही कारण है कि प्रबंधन की लापरवाही से न केवल एक नवजात की जान चली गई, बल्कि नेहा की जान को भी खतरा हो सकता था।

### डिलीवरी बाथरूम में नहीं, लेबर टेबल पर हुई

अस्पताल पहुंची मां और नवजात की हालत पहले से गंभीर थी। इसके बारे में सभी जानकारी परिजनों को दी गई थी। अल्ट्रासाउंड में बच्चे की धड़कन बेहद कम पाई गई थी। अस्पताल की ओर से हरसंभव चिकित्सकीय प्रयास किए गए। डिलीवरी बाथरूम में नहीं, लेबर टेबल पर हुई। मामले की जांच जारी है।
*-डॉ. अनुराधा जैन, सिविल सर्जन, सोनीपत*

## न्यूज डायरी

### भारती ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**सोनीपत।** सोनीपत की उभरती एथलीट भारती ने 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 किलोमीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया है। ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारती ने 16 मिनट 17.10 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और हरियाणा के साथ-साथ सोनीपत का नाम भी रोशन किया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की सीमा ने 16 मिनट 11.04 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की रवीना गायकवाड़ 16 मिनट 32.92 सेकेंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं। चैंपियनशिप के दौरान हरियाणा के एथलीट कृष्ण कुमार भिवानी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स के लिए निर्धारित क्वालिफाइंग मानक हासिल किया। एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नगोया में होगा।

### मानसून से पहले जल निकासी व फायर सेफ्टी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून सीजन को देखते हुए जिले में बरसाती पानी की निकासी की सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि जिले से गुजरने वाली सभी प्रमुख ड्रेनों, नालों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या न हो। संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में ड्रेनों का निरीक्षण कर सफाई कार्य की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मानसून, फायर सेफ्टी और एचटेट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के बाद आयोजित बैठक में दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि पिछले वर्ष जिन क्षेत्रों में बरसाती पानी जमा होने की समस्या सामने आई थी, वहां विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पंपिंग सेट तथा मशीनरी की व्यवस्था भी रखी जाए।

### डीन नियुक्ति विवाद पर डीक्रूटा का कुलपति के खिलाफ मोर्चा



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईटी) के डीन पद की नियुक्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (डीक्रूटा) ने कुलपति पर विश्वविद्यालय अधिनियम और रोटेशन नीति की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। वहीं प्रो. मनोज दूहन पिछले 10 दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठे हैं। डीक्रूटा का दावा है कि विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार पूर्व डीन के सेवानिवृत्त होने के बाद 1 जून 2026 से पहले प्रो. मनोज दूहन को एफईटी का डीन नियुक्त किया जाना चाहिए था। संगठन के अनुसार 9 जून को उन्हें डीन एजुकेशन का कार्यभार देकर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया और 11 जून को प्रो. अमित कुमार गर्ग को एफईटी का डीन नियुक्त कर दिया गया। शिक्षक संगठन का कहना है कि यह नियुक्ति रोटेशन व्यवस्था के विपरीत है। संगठन ने कुलपति पर नियुक्तियों में पक्षपात और मनमानी के भी आरोप लगाए हैं। डीक्रूटा के अनुसार मामले की शिकायत राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को भेजी जा चुकी है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 11 जून का नियुक्ति आदेश वापस लेकर नियमों के अनुसार नई नियुक्ति नहीं की गई तो जुलाई से हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज एसोसिएशन के सहयोग से व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### एआर, वीआर और 3डी प्रिंटिंग तकनीक से छात्रों को कराया परिचित



**सोनीपत।** गेटवे इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस विभाग (डीसीएस) की ओर से हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके नरेला क्षेत्र के छात्रों के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी), वीआर (वर्चुअल रियलिटी) और 3डी प्रिंटिंग पर एक इंटरैक्टिव प्रदर्शन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराना था। सत्र के दौरान छात्रों ने हैंड्स-ऑन गतिविधियों में भाग लेते हुए एआर और वीआर आधारित अनुभव प्राप्त किए। साथ ही 3डी प्रिंटिंग का प्रदर्शन कर बताया गया कि किस प्रकार डिजिटल मॉडल को वास्तविक प्रोटोटाइप में बदला जाता है। संकाय सदस्यों और छात्र स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को छात्रों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने तकनीकी उपकरणों के साथ प्रयोग किए और भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को लेकर प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर डॉ. (कर्नल) ए. गर्ग, निदेशक-जनरल, गेटवे एजुकेशन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उभरती तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें निरंतर कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।

## योग्यता के आधार पर मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस : अंकित



**गोहाना।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलिए के बहकावे में न आएं। परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तथा पात्र आवेदकों को निर्धारित नियमों के अनुसार ही लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं। यह बात एसडीएम अंकित कुमार ने कही। लाइसेंस बनवाने के लिए गुरुवार को वह आवेदकों का टैस्ट ले रहे थे। एसडीएम ने कहा कि वह स्वयं ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं तथा वाहन चालक लाइसेंस के लिए नागरिकों को यातायात के मूलभूत नियमों का पता होना। लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को सही से ड्राइविंग आना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जल्दी लाइसेंस बनवाने या बिना ड्राइविंग किए टेस्ट पास कराने का झूठा लालच देकर नागरिकों से पैसे लूटने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि कोई व्यक्ति ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर अवैध धनराशि की मांग करता है तो इसकी जानकारी एसडीएम कार्यालय में दें।

## शहर को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी : रजनी

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा गुरुवार को महम रोड क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सडक़ के दोनों ओर सफाई करवाई गई और कूड़े-कचरे का उठवाया करवाया गया। नप द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बारी-बारी से शहर के हर क्षेत्र में सफाई करवाते हुए कूड़े-कचरे का उचित निस्तारण किया जा रहा है। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहरवासियों को बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। इस अवसर पर नगर पार्षद सोनिया कौशिक, मनोज कौशिक एवं रामनिवास कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## कामी रोड पर अवैध निर्माण किया ध्वस्त



**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार की टीम ने गांव ज्वाहरी की राजस्व संपदा में कामी रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। डीटीपी नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरूवार को एसएमडीए की टीम ने गांव जवाहरी की राजस्व संपदा में कामी रोड स्थित लगभग 0.5 एकड़ में फैली 170 मीटर रनिंग अवैध चारदिवारी व लगभग 150 वर्गफुट में बनी एक अवैध दुकान को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। तोड़फोड़ की कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट सोनीपत लोक निर्माण विभाग कार्यकारी अभियंता अनिल कंबोज तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


### विधायक देवेंद्र कादियान ने 52 लाख के विकास कार्यों का किया शुभांरभ

# भांवर में पेयजल व मार्ग सुविधा को मिली मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को गांव भांवर में करीब 52.17 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। विधायक ने गांव की डिग्गी में करीब 46.32 लाख रुपए की लागत से लगाए नए ट्यूबवेल का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति को लेकर समस्या बनी हुई थी। गर्मियों में पानी की खपत बढ़ने पर परेशानी और बढ़ जाती थी। नए ट्यूबवेल के शुरू होने से जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इसके बाद विधायक ने साहिल के खेत से दिलबाग के खेत तक करीब 5.85 लाख रुपए की लागत से बनने वाले रास्ते का शिलान्यास किया। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बनने से किसानों और ग्रामीणों को खेतों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। इससे पहले गांव में विधायक का फूलमाला से स्वागत किया गया।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान गांव भांवर में उद्घाटन करते हुए।

### मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना प्राथमिकता

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक कादियान ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। पेयजल, सड़क और अन्य विकास कार्यों के लिए सरकार लगातार धनराशि उपलब्ध करा रही है। क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जा रहे है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, गुरमेल सरपंच गामड़ा, दिलबाग, रणधीर, चत्तर चत्तर सिंह, प्रेम कश्यप, मंजीत, रामसिंह जोगी, कंवल सिंह, जागेराम, सुभाष, सुरेश नंबरदार, रोहताश, अमन आदि मौजूद रहे।